पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर )

-----

# राज्यपाल की अध्यक्षता में राजभवन में आयोजित परंपरागत खेल एवं श्री अन्न प्रतियोगिता का समापन समारोह हुआ सम्पन्न

-----

**03 जनवरी, 2025 से आयोजित परम्परागत खेल प्रतियोगिता का आज हुआ समापन**

-----

**04 फरवरी, 2025 को राजभवन में आयोजित हुई थी श्री अन्न प्रतियोगिता**

-----

**परम्परागत खेल प्रतियोगिता के कुल 588 प्रतिभागियों में विजेताओं को 338 मेडल प्रदान किए गए**

-----

**श्री अन्न प्रतियोगिता में 47 प्रतिभागियों में 12 चयनित प्रतिभागियों के मध्य पुरस्कार वितरण**

-----

**राज्यपाल ने बच्चों और प्रतिभागियों से खेल की निरंतरता बनाए रखने का किया आह्वान**

-----

**अध्ययन के साथ-साथ खेल गतिविधियों का होना भी जरूरी**

-----

**छोटी उम्र से ही खेल के क्षेत्र में रखें रुचि**

-----

**श्री अन्न का सेवन हर उम्र और हर वर्ग के लोगों के लिए आवश्यक**

- **राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

-----

लखनऊ : 17 फरवरी, 2025

राजभवन में आयोजित परंपरागत खेल एवं श्री अन्न प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल ने सर्दी और ठंड के बावजूद खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों की सराहना

की। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे इतनी मेहनत करें कि वे बड़े लोगों को भी मात दे सकें। राज्यपाल ने बच्चों और प्रतिभागियों से खेल की निरंतरता बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रतियोगिता सिर्फ एक अवसर नहीं, बल्कि खेल को रोज़ की आदत बनानी चाहिए।

महिलाओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल जी ने जीवन में खेल की अहमियत को बताया और कहा कि अध्ययन के साथ-साथ खेल गतिविधियों का होना भी जरूरी है। उन्होंने छोटे बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि जैसे फूल कली से खिलता है और उसमें सुगंध आती है, वैसे ही बच्चों के खेल में सक्रियता से वे अपनी क्षमता और स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं।

राज्यपाल जी ने खेल के महत्व पर भी जोर दिया, जिसमें अनुशासन, प्रतिस्पर्धात्मक भावना, और एक-दूसरे का सम्मान करने की बात कही। साथ ही, गणतंत्र दिवस परेड में राजभवन बैंड की सराहना करते हुए बच्चों के उत्साहवर्धन की बात की। उन्होंने यह भी कहा कि छोटी उम्र से ही खेल के क्षेत्र में रुचि रखना और उसे बढ़ावा देना आवश्यक है।

श्री अन्न प्रतियोगिता के संदर्भ में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने श्री अन्न को बढ़ावा दिया है, जिसके परिणामस्वरूप आज पूरा विश्व भारत से श्री अन्न की मांग कर रहा है। उन्होंने बताया कि श्री अन्न का सेवन हर उम्र और हर वर्ग के लोगों के लिए आवश्यक है। खासकर छोटे बच्चों और गर्भावस्था में इसकी महत्ता पर जोर देते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि सशक्त, स्वस्थ और संपूर्ण बच्चों का जन्म तभी संभव है जब हम गर्भावस्था के दौरान अपने आहार और स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे ने परंपरागत खेल प्रतियोगिता और श्री अन्न प्रतियोगिता के बारे में संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि 03 जनवरी से शुरू हुई परंपरागत खेल प्रतियोगिता में कुल 19 श्रेणियों के खेल शामिल थे, जिसमें खो-खो और कबड्डी को पहली बार शामिल किया गया था। आयोजित प्रतियोगिता में 588 प्रतिभागियों में से 514 पुरुष और 74 महिलाएं शामिल थीं। विजयी प्रतिभागियों को आज 338 मेडल प्रदान किए गए, जिनमें 133 गोल्ड, 136 सिल्वर और 59 कांस्य मेडल शामिल थे।

श्री अन्न प्रतियोगिता, जो 04 फरवरी 2025 को आयोजित की गई थी, में 9 विश्वविद्यालयों के 36 शिक्षकों और राजभवन के 11 अध्यासित महिलाओं ने भाग लिया। कुल 47 प्रतिभागियों ने तीन श्रेणियों में प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनमें बाल्यावस्था में 17, गर्भावस्था में 15 और वृद्धावस्था में 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक समिति में विभिन्न विश्वविद्यालयों के पांच सदस्य शामिल थे।

राज्यपाल जी द्वारा आज परम्परागत खेलकूद प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में सर्वाधिक 06 मेडल लाने वाली कुमारी रूही, बालक वर्ग में सार्थक यादव (03 मेडल), बिवाना श्रीवास्तव (03 मेडल) को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त कलर बॉल प्रतियोगिता में विभिन्न आयुवर्गों एवं श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों में मायरा राज, नंदिनी, गीता देसाई, अक्षर पटेल, ध्रुव यादव, लवी शर्मा, अरविंद कुमार यादव व श्री अशोक देसाई को प्रमाण-पत्र दिए गए। लम्बी कूद के विभिन्न श्रेणियों एवं वर्गों में जसविंदर कौर, शानू वर्तवाल, अनिल कुमार शर्मा, अमन यादव, लकी, रावेन्द्र प्र0 सिंह तथा समरवीर चहर पुरस्कृत हुए।

दौड़ प्रतियोगिता में 50-100 मीटर दौड़ में मायरा राज, रिद्धी, पलक शर्मा, अम्बिका 100 मीटर महिला वर्ग में श्रीमती गीता देसाई, 50 मीटर दौड़ में जोहान खान, आदित्य कुमार शुक्ला 100 मीटर दौड़ में सुशील तिवारी एवं चन्द्रप्रकाश को विभिन्न आयुवर्गों एवं श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

गोला फेक प्रतियोगिता में प्रीति यादव, आनंद मौर्य एवं चन्द्रहाश कुशवाहा ऊँची कूद में लकी, रावेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्रहाश कुशवाहा, लंगड़ी दौड़ में कामरान अली, कैरम प्रतियोगिता में प्रार्थना दुबे, सृष्टि यादव, श्रीमती मानवी पी0 जानी, रजत शर्मा, आयुष यादव, आमिर अली एवं राजू लाल को प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त करने के लिए राज्यपाल जी द्वारा सम्मानित किया गया।

शतरंज प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों एवं श्रेणी में श्रीमती सुखजीत कौर, आयुष, डॉ0 पंकज एल0 जानी, टेबल टेनिस में श्री बृजेश भारद्वाज, डॉ0 नरेन्द्र देव, स्लो साइकलिंग में जसविंदर कौर, शिवा, आकाश, संदीप कुमार, मो0 शरीफ एवं कमल सिंह यादव प्रथम श्रेणी प्राप्त करने पर पुरस्कृत हुए। इसी प्रकार बैडमिंटन सिंगल वर्ग में सृष्टि यादव, सार्थक राज, रक्षित मिश्रा, शिवांश तिवारी, गौतम चन्द्रा, अवशेष सिंह एवं श्री अशोक देसाई तथा बैडमिंटन डबल्स में डॉ0 रईस एवं विनोद कुमार यादव, बोरा दौड़ में हर्षित, अग्रिम चौरसिया, जमाल अहमद सिद्दीकी, रस्सी कूद प्रतियोगिता में श्री आभास शेजवलकर, डॉ0 पंकज एल0 जानी, लट्टू वर्ग में डॉ0 पंकज एल0 जानी प्रथम श्रेणी में चयनित होने पर पुरस्कृत किए गए।

इसके अतिरिक्त टीम खेल में खो-खो प्रतियोगिता में कप्तान किरन वर्मा एवं टीम, कबड्डी में आयुष यादव एवं टीम, गिल्ली डंडा में श्री अशोक देसाई एवं टीम, रस्सा-कस्सी में गौतम चन्द्रा एवं टीम तथा महिला वर्ग में जया पाण्डेय एवं टीम, किंग खेल में अग्रिम चौरसिया एवं टीम, श्री अशोक देसाई एवं टीम तथा महिला वर्ग में श्रीमती गीता देसाई एवं टीम को प्रथम श्रेणी में चयनित होने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर परम्परागत खेल प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल को भी सम्मानित किया गया।

श्री अन्न प्रतियोगिता में बाल्यावस्था वर्ग में श्रीमती सुखजीत कौर को प्रथम स्थान, श्रीमती अंजली सिंह को द्वितीय स्थान तथा सुश्री शारिबा बानो एवं श्रीमती मानवी जानी को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। गर्भावस्था वर्ग में प्रथम पुरस्कार श्रीमती मानिनी श्रीवास्तव, द्वितीय पुरस्कार ऐश्वर्या सिंह एवं तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से सुश्री मनोरमा पाण्डेय एवं सुश्री फातिमा सैयद अली को प्राप्त हुआ। वृद्धावस्था वर्ग में प्रथम पुरस्कार श्रीमती गीता देसाई, द्वितीय पुरस्कार श्रीमती निधि पाण्डेय एवं तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से सुश्री वैश्नवी सिंह एवं श्रीमती हिमानी चौधरी को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर परम्परागत खेलकूद प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु विशेष कार्याधिकारी श्री राज्यपाल श्री अशोक देसाई, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ0 पंकज एल0 जानी, परिसहाय श्री पुनीत द्विवेदी, जमाल अहमद सिद्दीकी, अरविंद कुमार यादव व अन्य को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त परम्परागत खेल प्रतियोगिता में द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित प्रतिभागियों को अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम की समाप्ति पर विशेष सचिव श्री राज्यपाल, श्री श्रीप्रकाश गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर राजभवन के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण, विभिन्न विश्वविद्यालयों से चयनित प्रतिभागी, राजभवन के अध्यासितगण, स्कूली बच्चे  आदि उपस्थित रहे।

-------

संपर्क सूत्र:
कृष्ण कुमार,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0: 9454468250


















राजभवन, उत्तर प्रदेश
परंपरागत खेल




राजभवन, उत्तर प्रदेश
परंपरागत खेल


राजभवन, उत्तर प्रदेश
परंपरागत खेल


राजभवन, उत्तर प्रदेश
परंपरागत खेल


राजभवन, उत्तर प्रदेश
परंपरागत खेल


राजभवन, उत्तर प्रदेश
परंपरागत खेल






राजभवन, उत्तर प्रदेश
परंपरागत खेल


राजभवन, उत्तर प्रदेश
परंपरागत खेल


राजभवन, उत्तर प्रदेश
परंपरागत खेल


राजभवन, उत्तर प्रदेश
परंपरागत खेल




राजभवन, उत्तर प्रदेश
परंपरागत खेल


परंपरागत खेल


राजभवन, उत्तर प्रदेश
परंपरागत खेल



